## न्यूज़ ब्रीफ

### सोनिया गांधी के स्वास्थ्य लाभ के लिए हनुमान गढ़ी में प्रार्थना

**दतिया।** सोनिया गांधी के स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर देशभर में दुआओं का दौर जारी है। इसी क्रम में रविवार को दतिया जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर के हनुमान गढ़ी मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं



ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में एकजुट होकर सोनिया गांधी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान सर्वप्रथम हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई, इसके पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और रामधुन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर, शिरोमणि सोलंकी, जामित्री दादौरिया, सोनू चौहान, प्रेमनारायण कुशवाहा, रामकुमार मोंगिया, अनिल राज श्रीवास्तव, रिंकू यादव, राकेश सोनी, उत्तम कुशवाहा, आशीष तिवारी, विक्रम दांगी, सोनू परिहार, मोहन रामसहरूप श्रीवास्तव, डॉ. सुदामा जाटव, विवेक रायकवार, हीरू शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डीसीपीएल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सात वें मुकाबले में इंडियन क्लब ने सवोयु क्रिकेट क्लब को 108 रनों से हराया

**दतिया।** डीसीपीएल लेदरबाल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आज सातवां मुकाबला रावतपुरा क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया जिसमें दतिया इंडियन और सर्वायु क्रिकेट क्लब आमने-सामने थी दतिया इंडियन के कप्तान मोंटी ने टॉस जीता और पहले बैटिंग का फैसला लिया ओपनिंग जोड़ी में आए अनस खान और संजीव ने शानदार




शुरुआत दी संजीव 15 रन बनाकर आउट हुए उसके बाद 15 गेंद में 26 मयूर खान और 16 गेंद में 25 सोनू लाखेरे ने अनस खान का साथ दिया अनस ने शानदार बैटिंग करते हुए 101 रन मात्र 56 बॉल में बने इसमें 10 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के चक्की की मदद से अपनी टीम का स्कोर 200 रन पहुंचा।सर्वायु की तरफ से सुरेंद्र ने 3 योगेन्द्र तथा अभय ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में सरवाइव क्रिकेट क्लब 201 रनों का पीछा करने उतरी सरवाइव टीम की शुरुआत काफी निराशाजनक रही और उन्होंने 20 रन पर पांच विकेट खो दिए दिन में संजय शर्मा ने तीन और आनंद राजपूत ने दो विकेट लेकर सरवायू क्रिकेट क्लब को बैक फुट पर धकेल दिया। सर्वयू क्रिकेट क्लब की तरफ से सर्वाधिक स्कोर मनु सावला ने 25 रन बनाए दतिया इंडियन की तरफ से इस मैच में दो उपलब्धियां रही टूर्नामेंट का पहला शतक अनस खान की तरफ से आया तथा टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक निश्चय ने बनाई और दतिया इंडियंस ने यह मैच बहुत शानदार ढंग से और एक तरफ 108 रनों से मैच जीता शानदार शतक के लिए अनस खान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय रावत जी युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी वैभव गुप्ता टीआई द्वारा प्रदान किया गया।

### सेवा भारती वृद्धाश्रम भिण्ड में हुआ मेगा शिविर सम्पन्न

**भिण्ड।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन में एवं सुश्री अनुभूति गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड की अध्यक्षता




में नालसा एवं सालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु शासन के विभिन्न विभागों के समन्वय से सेवा भारती वृद्धाश्रम, वायपास रोड़ भिण्ड में दिनांक 28 मार्च 2026 (शनिवार) को प्रातः 10:30 बजे से मेगा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मेगा शिविर में जिला अस्पताल के चिकित्सागण के सहयोग से वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

# शादी का झांसा देकर शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली भिण्ड पुलिस की कार्रवाई

**पीपुल्स प्रवक्ता, भिण्ड।**



सिटी कोतवाली भिण्ड पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई को गंभीरता, तत्परता और सूझबूझ का परिणाम माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 13/01/2026 को एक महिला ने थाना सिटी कोतवाली भिण्ड में सूचना दी कि वह अपने पति के साथ दवा लेने गई थी। घर वापस लौटने पर उनकी 18 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से लापता मिली। इस पर थाना सिटी कोतवाली भिण्ड में गुमइंसान क्रमांक 01/26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने जांच के दौरान भिण्ड शहर के 30-40 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, करीब 20 लोगों से पूछताछ की तथा कई मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पता चला कि गुमशुदा युवती महाराष्ट्र के नासिक में है। इस पर पुलिस टीम तत्काल नासिक रवाना हुई और युवती को सकुशल दस्तयाब कर भिण्ड लाया गया। थाना में पूछताछ के दौरान युवती ने बताया कि फूप निवासी एक युवक से उसकी पिछले दो वर्षों से बातचीत थी। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भिण्ड रेलवे स्टेशन के बाहर बिजली घर के सामने भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**सराहनीय भूमिका**

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक चन्द्रमोहिनी जादौन, प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह, आरक्षक उमाशंकर शाक्य, गौरव तोमर एवं आनंद त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

**युवाओं ने बनाई रुपरेखा**

## 14 अप्रैल को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती महोत्सव मनाने को लेकर शहर के शासकीय महाविद्यालय में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक में शामिल एडव्होकेट भागीरथ खतवासे, अमन मकवाने ने बताया शोभायात्रा और अन्य कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि बिस्टान नाके से बाबा साहब की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो बिस्टान रोड़ से होते हुए पीजी कॉलेज पहुंचेगी। जयंती महोत्सव पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य.गीत, प्रेरणादायक भाषण और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। युवाओं ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। बैठक में गजेंद्र, इंदर सिंह सोलंकी, अनिल किराड़े, सत्यम मोयदे, विजय भालसे, बबलू निहाले, अजय, रामू, मनदीप सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## बुखार पीड़ित बालिका की उपचार के दौरान मौत



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

जिले के बिस्टान में सर्दी, जुकाम और बुखार पीड़ित एक बालिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामूली बुखार के चलते हुई मौत के बाद परिजनों ने निजी क्लिनिक के चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस मामले की बिस्टान थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने खरगोन जिला चिकित्सालय में बालिका का पीएम कराया है। मिली जानकारी अनुसार आयुषी पिता गजराज पटेल (16) को शाम करीब 6 बजे मृत अवस्था में जिला अस्पताल पीएम रुम लाया गया। मृतिका के पिता गजराज ने पुलिस को की शिकायत बताया कि में बेटी को निजी क्लिनिक पर ले गया। यहां डॉ. प्रकाशचंद्र गुप्ता ने आयुषी का चेकअप कर स्लाईन चढ़ाई। कुछ देर बाद ही आयुषी को घबराहट हुई, इसके कुछ देर बाद वह बेहोश हो गई। जिस पर डॉ. गुप्ता ने बेहोशी की हालत में ही उसे इंजेक्शन लगाया। इसके बाद भी हालत में सुधार नही हुआ तो डॉ. गुप्ता खुद अपनी कार से मेरी बेटी, मुझे और मेरी पत्नि को साथ लेकर खरगोन निजी अस्पताल लाए। यहां चिकित्सको ने बेटी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि बेटी की तबीयत इस कदर खराब नही थी कि उसकी मौत हो जाए, चिकित्सक ने कोई गलत इंजेक्शन लगा दिया।

**सेवादल मजबूत होगा तो कांग्रेस मजबूत होगी- घनश्याम सिंह**

# सेंवढ़ा में ध्वज वंदन, प्रभात फेरी निकालकर दिया एकता का संदेश

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**



घनश्याम सिंह ने कहा कि सेवादल को मजबूत कर ही कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य देश और प्रदेश में ऐसी सरकार स्थापित करना है, जो गरीब, वंचित और आम जनता के हितों के लिए समर्पित हो। वे रविवार को सेंवढ़ा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सेवादल के ध्वज वंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सेवादल की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान है। यदि सेवादल मजबूत होगा, तो संगठन स्वतः ही सशक्त होगा।

**ध्वज वंदन के बाद निकाली प्रभात फेरी**

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज वंदन और राष्ट्रगीत 'जन-गण-मन' के गायन से हुई। इसके बाद कांग्रेस और सेवादल कार्यकर्ता हाथों में ध्वज लेकर कतारबद्ध हुए और संविधान बचाने व कांग्रेस को मजबूत करने के नारे लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से प्रभात फेरी निकाली। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देशराज कुशवाहा, सेवादल जिला अध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जयवेंद्र सिंह परिहार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बादशाह खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**हर महीने अंतिम रविवार को होगा आयोजन**

पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने बताया कि सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र में सेवादल द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस बार कार्यक्रम सेंवढ़ा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में हुआ, जबकि आगामी माह इसे अन्य स्थान पर आयोजित किया जाएगा।

## एल्डरमैन के नामों को मिली सरकार की हरी झंडी, सूची की जारी

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक की नगर पालिका परिषदों में सरकार ने बहुप्रतीक्षित एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की नियुक्तियों को हरी झंडी दे दी है। रविवार को जारी पहली सूची में खरगोन नगर पालिका में 6, जबकि जिले की महेश्वर, भीकनगांव, बिस्टान, करही और मंडलेश्वर नगर परिषदों में 4-4 सदस्यों को मनोनीत किया गया है। नगरीय विकास और आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार खरगोन नगर पालिका में सुनीता गांगले, पवन सेन, दीपक कराले, पुरुषोत्तम कुमावत, अनिल गुप्ता और युवराज व्यास को नियुक्त किया गया है। कसरावद नगर परिषद में शंकर कुशवाह, मंगला शरदचंद्र सराफ , जितेंद्र पाटीदार और बिहारी यादव को एल्डरमैन बनाया गया है। भीकनगांव नगर परिषद में कपिल शर्मा, ज्योति भावसार, मंजू शुक्ला और खेमचंद शर्मा को मनोनीत किया गया है। इसी तरह महेश्वर नगर परिषद में सिंधु जोशी, जितेंद्र सावले, जितेंद्र साकले और महेश चंदेरीवाल को नियुक्त किया है। बिस्टान नगर परिषद में आनंदराम यादव, सुगनकौर जाधव, जयंतीलाल जायसवाल और लक्ष्मीनारायण सूर्यकर को एल्डरमैन बनाया गया है। मंडलेश्वर नगर परिषद में पवन अग्रवाल, मंजुला संतोष मेवाडे, गणेश पाटीदार और अनिरुद्ध हलवे की




नियुक्ति की गई है। करही नगर परिषद में सुनील कौशल, रोहित यादव, दिनेश गोस्वामी व महेश पाटीदार को मनोनित किया गया है। इन नियुक्तियों पर जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, ने खुशी जताते हुए बधाई दी। इन एल्डरमैन का काम प्रशासन के प्रतिनिधियों के तौर पर एल्डरमैन नगर परिषदों के कामकाज की देखरेख करना होगा। विकास कार्यों को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## साइक्लोथॉन प्रतियोगिता का सफल आयोजन, युवाओं में दिखा उत्साह

**पीपुल्स प्रवक्ता, भिण्ड।**

आज प्रातः 8 बजे थाना गोहद चौराहे में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एक प्रेरणादायक साइक्लोथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी रामनरेश यादव द्वारा किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों, नगर रक्षा समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र



के उत्साही युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, फिटनेस को बढ़ावा देना तथा पुलिस और जनता के बीच समन्वय को मजबूत करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने पूरे जोश के साथ निर्धारित मार्ग पर साइकिल चलाई। थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, और इस प्रकार के आयोजनों से न केवल शारीरिक सुदृढ़ता बढ़ती है बल्कि सामाजिक एकता भी मजबूत होती है।÷ कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसे क्षेत्रवासियों द्वारा सराहा गया।

## फ्री कैंप में 111 मरीजों ने लिया लाभ, फाइब्रोस्कैन से हुई जांच



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

शहर के विद्या विहार कॉलोनी स्थित डॉ. हेमंत जैन क्लीनिक पर रविवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। इस दौरान कुल 111 मरीजों ने निशुल्क जांच और परामर्श का लाभ उठाया। शिविर का मुख्य आकर्षण आधुनिक 'फाइब्रोस्कैन' मशीन रही, जिसके जरिए मरीजों के लिवर की जांच कर कुछ ही मिनटों में रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया के मेडिसिन विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार जैन ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली और गलत खानपान के कारण फैटी लिवर की समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि लिवर में चर्बी जमा होने से इंसुलिन रेजिस्टेंस, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। समय पर जांच और उपचार से इन बीमारियों से बचाव संभव है। रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर के सफल आयोजन में युवाओं और समाजसेवियों ने अहम भूमिका निभाई। व्यवस्था संचालन में कौशल पाठक, सोनू कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह, जीतू, अनिल, धीरज और मयंक का विशेष सहयोग रहा। शिविर के माध्यम से लोगों में लिवर स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ी और नियमित जांच की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# तीन दिवसीय अग्नि सुरक्षा मेला शुरू: मंत्रीगण नारायण सिंह व तोमर एवं सांसद कुशवाह अग्नि पहुंचे सुरक्षा मेला

**पीपुल्स प्रवक्ता, ग्वालियर।**



पहले ही दिन से अग्नि सुरक्षा मेला शहरवासियों के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। ग्वालियर शहर ही नहीं ग्रामीण अंचल के निवासी भी अग्नि सुरक्षा मेले में पहुँचकर अग्नि दुर्घटना से बचने की बारीकियां सीख रहे हैं। साथ ही मेले में मिल रही विशेष छूट पर अग्नि सुरक्षा उपकरण भी खरीदकर ले जा रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह भी रविवार को अग्नि सुरक्षा मेला पहुँचे। साथ ही उन्होंने अग्नि सुरक्षा उपकरण चलाने की प्रक्रिया समझी और उपकरण भी खरीदे । ग्वालियर व्यापार मेला में दस्तकारी हाट (शिल्प बाजार) परिसर में रविवार 29 मार्च से शुरू हुआ अग्नि सुरक्षा मेला 31 मार्च तक लगा रहेगा। पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद कुमार सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय व जिला पंचायत के सीईओ श्री सोजान सिंह रावत सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी अग्नि सुरक्षा मेले में मौजूद रहे। मंत्री द्वय श्री नारायण सिंह कुशवाह व श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अग्नि सुरक्षा मेला में लगी दुकानों का भ्रमण कराया। साथ ही एसडीआरएफ की टीम के माध्यम से आग बुझाने की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन (डेमोस्ट्रेशन) भी कराया। मंत्री द्वय एवं सांसद ने जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए फायर सेफ्टी मेले की सराहना की। तीनों वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों से अपील की है कि अग्नि सुरक्षा मेले में आकर आग बुझाने की बारीकियां सीखें। साथ ही अपने घर, प्रतिष्ठान, औद्योगिक इकाई इत्यादि के लिये अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लेकर जाएं। यदि सभी के घर व प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरण होंगे तो आग लगने की आपात स्थिति में प्रारंभिक अवस्था में ही आग पर काबू पाया जा सकता है। सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि अग्नि सुरक्षा को लेकर इसी प्रकार के जनजागरण कार्यक्रम ग्रामीण अंचल में भी आयोजित किए जाएं। उन्होंने व्यवहारिक रूप से अग्नि सुरक्षा उपकरण चलाने की प्रक्रिया सीखी और डेमोस्ट्रेशन में आग भी बुझाई। सांसद ने कहा कि अग्निशमन यंत्र खरीदने के लिये किसानों को भी प्रोत्साहित किया जाए। अग्नि सुरक्षा मेले में आ रहे लोगों को एसडीआरएफ की टीम द्वारा पानी, बिजली व गैर रिसाव से लगने वाली आग बुझाने की प्रक्रिया व्यवहारिक रूप से समझाई जा रही है। सरकारी व निजी अस्पतालों के स्टाफ को विशेष रूप से आग बुझाने की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। मेला परिसर के एक हिस्से में आग बुझाने का डेमोस्ट्रेशन भी किया जा रहा है।

## श्रमिको के मध्य लगाया गया वृहद विधिक जागरूकता शिविर




**ग्वालियर।** पिंटू पार्क पानी की टंकी के पास स्थित श्रमिक आश्रय स्थल पर शनिवार को वृहद साक्षरता शिविर लगाकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये संचालित विधिक सेवा योजना सहित श्रमिक कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। यह शिविर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ललित किशोर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में लगाया गया। शिविर में लगभग 500 श्रमिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर संबल योजना के 25 श्रमिकों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। वृहद साक्षरता शिविर में नालसा की असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2015, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रियंक भारद्वाज द्वारा जानकारी दी गई।